2 फरीदाबाद
लापरवाही या भ्रष्टाचार : अधूरे विकास कार्यों से जनता त्रस्त, ठेकेदार मस्त

6 अभिमत
मूल्य समझे बिना मुफ्तखोरी मिटाना असंभव

9 देश/विदेश
जीविका को विज्ञान, समानता और संसाधनों को ध्यान में रखते हुए तैयार करें

12 कसौटी
कानून हाथ में लेने वाले नेताओं का भविष्य अधर में

RNI NO. HARHIN/2018/75109
फरीदाबाद, रविवार, 18 दिसंबर, 2022

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



विश्व चैंपियनशिप में 21वें स्थान पर रहे गुरदीप सिंह

पेज - 11

## यूनिवर्सिटी आउटरीच टीम ने जल-मिट्टी के सैंपल एकत्रित किए



फरीदाबाद। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की एक टीम ने महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक के यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम के तहत गोद लिए गए गांव चंदावली का दौरा किया। प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत के मार्गदर्शन में चंदावली गांव के यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम कॉर्डिनेटर सुभाष कैलोरिया और डॉ. देवेंद्र, असिस्टेंट प्रोफेसर भौतिकी विभाग की अगुवाई में महाविद्यालय के विद्यार्थियों की टीम ने चंदवाली व इसके आस पास के इलाके से जल व मिट्टी के सैंपल एकत्रित किए। उपस्थित जनसमूह को पीने योग्य जल, मृदा की उर्वराशक्ति तथा विकिरण के प्रभावों से अवगत कराया। उन्होंने अपने वक्तव्य में भूमि तथा पानी में उपस्थित विकिरण की मात्रा के विषय मे भी बताया कि किस प्रकार ये विकिरण हमारी जीवन शैली को प्रभावित करती हैं तथा किस प्रकार प्रदूषण व विकिरण के हानिकारक प्रभावों से कैसे बचा जा सकता है। अलग-अलग नमूने एकत्रित करने का उद्देश्य नतीजों मे शुद्धता को स्थापित करना है।